पानी को अपनी आपातकालीन किट में शामिल कर लें

एक गैलन पानी | प्रति व्यक्ति | प्रति दिन | चौदह दिनों के लिए

regionalh2o.org/emergency-preparedness

पानी का भंडारण करना बहुत सरल है

आपके आपातकालीन पानी की आपूर्ति बाज़ार से ख़रीदी बोतल के द्वारा हो सकती है । या फिर आप स्वयं के पात्र भर कर रख सकते हैं। यदि आप पानी की बोतल ख़रीद रहे हैं तो इसका ढक्कन ना खोलें जब तक आप इसको इस्तेमाल करने के लिये तैयार ना हो, इसका पात्र भी ना बदलें ।।

अगर आप अपने स्वयं के पात्र इस्तेमाल कर रहे है तो ये निश्चित कर लें कि उसकी सील तंग हो और यह भोजन श्रेणी का प्लास्टिक हो या फिर स्टील का। इस पात्र में पानी भरने से पहले ये सुनिश्चित कर ले की यह पूरी तरह से स्वच्छ हो।।

पात्र को स्वच्छ कर लें :

1. पानी के पात्र और उसके ढक्कन को साबुन की सहायता से अच्छे से धो लें।
2. अब पात्र को साफ़ पानी से खंगाल लें ।
3. अब एक छोटा चम्मच सुगन्धरहित ब्लीच ले लें और इसको चार कप पानी में मिला दें।
4. इस पानी के मिश्रण को पानी के पात्र में डाल कर ढक्कन अच्छे से बंद कर दें।
5. अब इस पात्र को तीस सेकंड तक अच्छे से हिलायें ताकि यह मिश्रण पूरी सतह पर फैल जाए।
6. अब इस ब्लीच वाले पानी को फेंक दें और पात्र को अच्छे से सूखा लें।

स्वच्छ पानी के पात्र भरना :

1. अपने पानी के पात्र को ठीक ऊपर तक भर लें पर याद रखें की इसको अपने हाथ या नल से छुएँ नहीं वरना ये दूषित हो जाएगा।
2. यह चरण इस पर निर्धारित है की आपका पानी कहाँ से आ रहा है

पानी यदि कुएँ या किसी अनूपचारित स्रोत से आ रहा है → आपको एक गैलन पानी में 1/8 चमक ब्लीच मिलाना पड़ेगा

यदि आपका पानी शहर के स्रोत से आ रहा है तो इसमें कुछ मिलाने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि पानी पहले से ही उपचारित है।

3. ढक्कन वापस ठीक से लगा दें। सावधानी से ढक्कन के नीचे या अंदर से छुएँ नहीं और इसे ठीक से बंद कर दें की यह ठीक से बंद हो। अब इस बोतल पर तारीख़ का लेबल लगा लें ताकि आप देख सकें कि आपने ये बोतल कब भारी थी।

पानी भंडारण क्या करें और क्या ना करें

पानी की बोतलें ख़रीद लें या फिर अपने ख़ुद के पात्रों में पानी का भंडारण करें।

खाद्य योग्य पात्र जो camping या outdoor की दुकानों पर मिलते हैं उनका इस्तेमाल करें या फिर दो लीटर सोडा बोतल भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

पात्र जिन में दूध, जूस, रसायन या ब्लीच आया हो उनका इस्तेमाल एकदम ना करें और ना ही काँच के पात्रों का।

अपने पानी को हर छे महीनों पर बदल दें (पर यह ख़राब नहीं होगा तो आपातकालीन समय में यदि पानी छे महीने से पुराना हो तो भी इस्तेमाल कर सकते हैं।)

जितना हो सके पानी का भंडारण करें (यदि ज़रूरत हो तो कुछ से शुरुआत करके अपनी आपूर्ति बड़ा सकते हैं)

यदि हो सके तो पानी को ठंडी एवं अंधेरी जगह में जमा करें।

The Regional Water Providers Consortium Portland, OR महानगरिए क्षेत्र में पीने की पानी की नियोजन प्रबंधन और लचीलेपन में अग्रणी जानकारी प्रदान करता है। अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें।

और जानकारी संसाधन प्राप्त यहाँ करें : www.regionalh2o.org.

HINDI

RECYCLED काग़ज़ पर मुद्रित।

© REGIONAL WATER PROVIDERS CONSORTIUM 2023